ANNEXURE-II

**Proceedings of Environmental Public Hearing for the Environmental Clearance on the proposal submitted by Sh. Karan Singh Pathania, Prop: M/s K.K. Grit Udyog, Village Bain-Attarain, PO Kandrori, Tehsil Indora, District Kangra H.P. for extraction of sand, stone & bajri at Khasra Number 177/2 over an area measuring 02-96-23 Hect (Private Land/terrace deposit), @ 26,610 TPA falling in Mauza & Mohal -Bain Attarian, Tehsil Indora, District Kangra H.P.**

Environmental Public Hearing for the Environmental Clearance on the proposal submitted by Sh. Karan Singh Pathania, Prop: M/s K.K. Grit Udyog, Village Bain-Attarain, PO Kandrori, Tehsil Indora, District Kangra H.P. for extraction of sand, stone & bajri at Khasra Number 177/2 over an area measuring 02-96-23 Hect (Private Land/terrace deposit), @ 26,610 TPA falling in Mauza & Mohal -Bain Attarian, Tehsil Indora, District Kangra H.P. was organized on date: 09/06/2023 at the mining lease site adjoining to Jai Shree Hari Gram Udyog Stone Crusher, Village Bain-Attarain, PO Kandrori, Tehsil Indora, District Kangra by H. P. State Pollution Control Board, Regional Office Dharamshala as per notification No-SO-1533 dated 14.09.2006. The public hearing was organized by H.P. State Pollution Control Board under the Chairmanship of Sh. Rohit Rathour, ADM, Kangra at Dharamshala according to prescribed process of public hearing. The attendance sheet of participants present in the public hearing is enclosed as **Annexure-I**. SDO(C) Indora, officers from Jal Shakti Department Indora, PWD Indora, Health Department, Transport Department and other departments were present during the public hearing. Sh. Sandeep Singh, Member Zila Parishad-Gangath, nearby Pachayat's Pradhan, Up-Pradhan and local public were also present during the public hearing.

First of all Er. Rahul Sharma, Regional Officer, H. P. State Pollution Control Board, Regional Office Dharamshala welcomed the Chairman, officers and officials of various Departments, representatives of all Panchayats, local public, project proponents and their consultants. He requested everyone to express their views, comments, suggestions and objections on the proposal without any fear and pressure, and Chairman were requested to kindly permit to start the Public Hearing.

The Chairman permitted to start the process of public hearing and requested the project proponent to give the detailed report of their mining lease. The detailed description regarding this proposed Mining Area and given by the consultant of the Project Proponent. ADM, Kangra at Dharamshala-cum- Chairman Public Hearing Committee also requested the people present in this Environmental Public Hearing to express their views, comments, suggestions and objections regarding this proposed Mining Lease without any fear and pressure from any corner.

Videography of the public hearing was carried out. Accordingly the proceedings of the Environmental Public Hearing were recorded and the same are reproduced here as under.

| Sr. No. | Name & Address | Issues/Suggestions raised | Reply |
|---|---|---|---|
| 1. | Sh. Rashpaul Singh, Pardhan Gram Panchayat, Tehsil Indora, District Kangra H.P. | He said that this industry is beneficial for their Panchayat they had to go to Punjab State for purchase of material, earlier. Now, they get the material on reasonable rate here which do not affect the development works of panchayat. In addition, we all know that there is delay for the payment of MNREGA works and this project proponent provide the material on credit. Hence this project is beneficial for our Panchayat. | ------------- |
| 2. | Sh. Chander Dev, Pardhan Gram Panchayat Surajpur, Tehsil Indora, District Kangra H.P. | He said that the material used in the Panchayat is available on credit from the Project Proponent. There should be such industries here so that employment can be generated and development can take place. | ------------- |
| 3 | Sh. Kehar Singh, Village Toki, PO Channi, Tehsil Indora, District Kangra H.P. | He said that our Panchayat is adjoining to this panchayat and it is good for us because they help the poor people a lot. So this is a very good project for us. | ------------- |
| 4 | Sh. Jagan Nath Sharma, Retd. Army Officer and Ward Panch, Panchayat Sekhpura, PO Channi, Tehsil Indora, District Kangra H.P. | He said that, there is a crematorium nearby and over their there is no water supply, so whenever, the crusher owners are contacted, they send their water tankers. Many people had got employment in their projects. So this project should be allowed here according to me. | ------------- |
| 5 | Sh. Jeevan Singh, Pardhan Gram Panchayat Chanour, Tehsil Indora, District Kangra H.P. | He said that all the projects established here are good for us. | ------------- |
| 6 | Sh. Ranjeet Singh, Up-Pardhan Gram Panchayat Toki, Tehsil Indora, District Kangra H.P. | He said that industry is necessary for the development of any country and any region, because it generates employment and adds to development in the area. I want to tell that when there were no crushers, then water of flood used to enter in the house's of | ------------- |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | people but now the level of the Khad has gone down, and people are safe in monsoon season now. He said that the projects which have been started here, people get employment from it. Therefore, according to me, such projects should also be here. | |
| | | Er. Rahul Sharma, Regional Officer, H.P. State Pollution Control Board requested everyone to express their views, comments, suggestions and objections on this project without any fear and pressure.<br>The Chairman also requested everyone to express their views, comments, suggestions and objections on this project without any fear and pressure. | |
| 7 | Sh. Sandeep Singh, Member, Zila Parishad-Gangath, Tehsil Indora, District Kangra H.P. | He asked, whether the local people will get employment here or not. Are the people helped by the crusher owners? | The Chairman asked the consultant of the project for the reply. In addition, the Chairman said that the project has not been started yet and requested to express their views, comments, suggestions and objections on this project. |
| | | He said that the local people should be given preference for employment in this project. | It was informed by the consultant of the project that the local people will be given priority for the employment in this project. |

In addition, no written issue/suggestions were received during the public hearing.

After this, the Chairman thanked all those who were present during the public hearing and said that the suggestions have been given by the public without any fear and pressure. This all has been recorded in written and by videography also. This will be sent to Govt. of Himachal Pradesh and further decision shall be taken by the Ministry of Environment, Forest & Climate Change. At last, the Chairman thanked all the Officers, Officials of various Departments and Pradhan, Up-Pradhan of nearby villages and local residents.

At the end, Er. Rahul Sharma, Regional Officer, H. P. State Pollution Control Board thanked all the officers of different Departments and the public for attending the Public Hearing and concluded the public hearing.

Additional District Magistrate
Kangra at Dharamshala
District Kangra (H.P.)

ANNEXURE- III

**श्री कर्ण सिंह पठानिया, श्रीयुत, के0 के0 ग्रीट उद्योग, गांव बांई–अटारियां, डा0 कंदरोड़ी, तहसील इन्दौरा, जिला कांगड़ा हि0प्र0 द्वारा खसरा संख्याः 177/2 कुल क्षेत्रफल 02–96–23 हैक्टेयर (निजी भूमि/टैरेस डिपोसिट), मौजा और मोहाल बांई–अटारियां, डा0 कंदरोड़ी, तहसील इन्दौरा, जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश में रेत, बजरी व पत्थर के खनन व संग्रह (लघू खनिजों के खनन) @ 26,610 एमटीपीए के प्रस्ताव पर सार्वजनिक सुझाव, विचार, टिप्पणियों एवं आपतियां बारे पर्यावरण जनसुनवाई के आयोजन संबंधी कार्यवाही का विवरण।**

हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा दिनांक 09.06.2023 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तावित खनन पटटा क्षेत्र, नजदीक जय श्री हरि ग्राम उद्योग स्टोन कशर, गांव बांई–अटारियां, डा0 कंदरोड़ी, तहसील इन्दौरा जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश में श्री कर्ण सिंह पठानिया, श्रीयुत, के0 के0 ग्रीट उद्योग, गांव बांई–अटारियां, डा0 कंदरोड़ी, तहसील इन्दौरा, जिला कांगड़ा हि0प्र0 द्वारा खसरा संख्याः 177/2 कुल क्षेत्रफल 02–96–23 हैक्टेयर (निजी भूमि/टैरेस डिपोसिट), मौजा और मोहाल बेन–अटारियां, डा0 कंदरोड़ी, तहसील इन्दौरा, जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश में रेत, बजरी व पत्थर के खनन व संग्रह (लघू खनिजों के खनन) @ 26,610 एमटीपीए के प्रस्ताव पर सार्वजनिक सुझाव, विचार, टिप्पणियों एवं आपतियां बारे पर्यावरण जनसुनवाई अतिरिक्त, जिला दण्डाधिकारी, जिला कांगडा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस जन सुनवाई में उपस्थित व्यक्तियों की सूची संलग्न–1 पर उपलब्ध है। इस जन–सुनवाई के दौरान उपमण्डलाधिकारी (ना0) इन्दौरा, जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, स्वास्थय विभाग के अधिकारी, परिवहन विभाग के अधिकारी, उधोग विभाग के अधिकारी व अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे। श्री सन्दीप सिंह, सदस्य जिला परिषद–गंगथ, निकटवर्ती गावों के प्रधान, उप्रधान व स्थानीय जनता भी जनसुनवाई में उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम ई0 राहुल शर्मा, सहायक पर्यावरण अभियन्ता, हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियन्नंण बोर्ड द्वारा जन सुनवाई की पृष्ठ भूमि के आयोजन के उद्देश्य से उपस्थित जनसमूह को अवगत करवाया गया। इसके उपरान्त अध्यक्ष महोदय की अनुमति से जन सुनवाई की प्रक्रिया आरंभ की गई और कहा गया कि इस परियोजना के सम्बन्ध में कोई भी सुझाव, विचार एवं शिकायत हो तो वे निसंकोच किसी भय एवं दवाव के व्यक्त कर सकते हैं ।

अध्यक्ष महोदय द्वारा भी परियोजना की जन सुनवाई की पृष्ठ भूमि के आयोजन के उद्देश्य से उपस्थित जनसमूह को अवगत करवाया गया और कहा गया कि इस परियोजना के सम्बन्ध में कोई भी सुझाव, विचार एवं शिकायत हो तो वे निसंकोच किसी भय एवं दवाव के व्यक्त किये जा सकते हैं। इसके उपरान्त परियोजना के परामर्शदाता को परियोजना के प्रारूप और विस्तृत पर्यावरण प्रभाव निर्धारण के बारे में जन समूह को अवगत करवाने हेतू कहा गया ।

परियोजना के परामर्शदाता द्वारा परियोजना के प्रारूप और विस्तृत पर्यावरण प्रभाव आंकलन व निर्धारण के बारे में जन समूह को अवगत करवाया गया।

इस जन सुनवाई की संपूर्ण कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी की गई । जन सुनवाई के दौरान उठाए गए मुददों एवं उन पर की गई टिप्पणियों की कार्यवाही का विवरण निम्न प्रकार है:–

| क. सं. | नाम व पता | मुददे | उठाए गए मुददों पर टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री रशपाल सिंह, प्रधान ग्रांम पंचायत घोरन, तहसील इन्दौरा, जिला कांगड़ा हि0प्र0। | उन्होंने बताया कि यह जो उद्योग है मेरी पंचायत के लिए काफी लाभप्रद है क्योंकि हमें मैटिरियल के लिए पंजाब जाना पड़ता था। यह नजदीक होने के कारण मैटिरियल सही कीमत पर मिल जाता है जिससे यहां का विकास रुका नहीं है। इसके अतिरिक्त सभी के ध्यान में है कि मनरेगा के कार्यों में भुगतान देरी से होता है और यह परियोजना मालिक हमसे उधार भी कर लेते हैं। अतः | ———— |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | यह परियोजना मेरी पंचायत के लिए सही है। | |
| 2 | श्री चन्द्र देव, प्रधान ग्रंम पंचायत सूरजपुर, तहसील इन्दौरा, जिला कांगड़ा हि0प्र0। | उन्होंने बताया कि पंचायत में उपयोग किए जाना वाला मैटिरियल इनसे उधार में मिल जाता है। यहां पर ऐसे उद्योग होने चाहिए ताकि रोजगार प्राप्त हो सके और विकास हो सके। | ———— |
| 3 | श्री केहर सिंह, गांव तोकी, डाकघर चन्नी, तहसील इन्दौरा, जिला कांगड़ा। | उन्होंने बताया कि हमारी पंचायत इनकी निकटवर्ती पंचायत है और हमें इनका काफी फायदा है क्योंकि यह गरीब लोगों का काफी सहयोग करते हैं। अतः यह हमारे लिए काफी अच्छी परियोजना है। | ———— |
| 4 | श्री जगन नाथ शर्मा, सेवानिवृत आर्मी आफिसर और बार्ड पंच पंचायत शेखपुरा, डाकघर चन्नी, तहसील इन्दौरा, जिला कांगड़ा। | उन्होंने कहा कि यहां बताई गई उपलब्धियों के अतिरिक्त बताना चाहता हूं कि यहां पर शमशान घाट है और पानी की व्यवस्था नहीं है तो जब भी कशर मालिकों को सम्पर्क किया जाता है तो यह अपना पानी का टैंकर भिजवा देते हैं। और कई लोगों को रोजगार मिल रहा है। अतः यह परियोजना मेरे अनुसार होनी चाहिए। | ———— |
| 5 | श्री जीवन सिंह प्रधान ग्रंम पंचायत चनौर, तहसील इन्दौरा, जिला कांगड़ा हि0प्र0। | उन्होंने कहा कि यह जो भी लगा है यह हमारे लिए बहुत अच्छा है। | ———— |
| 6 | श्री रणजीत सिंह, उप प्रधान ग्रंम पंचायत तोकी, तहसील इन्दौरा, जिला कांगड़ा। | उन्होंने कहा कि देश व किसी क्षेत्र की प्रगति के लिए उद्योगों का होना आवश्यक है क्योंकि इससे रोजगार व विकास होता है। मै बताना चाहता हूं कि जब यहां कशर नहीं होते थे तो खडड का पानी लोगों के घरों में चला जाता था परन्तु अब खडड को लेवल नीचे हो गया है जिससे बरसात में लोग सुरक्षित रहते हैं। उन्होंने बताया कि परियोजना लगी है तो लोगों को इससे रोजगार प्राप्त हुआ है। अतः मेरे अनुसार ऐसी ओर भी परियोजनाएं यहां होनी चाहिए। | ———— |
| | | ई0 राहुल शर्मा, सहायक पर्यावरण अभियंता, हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियन्रंण बोर्ड ने उपस्थित सभी लोगों से इस परियोजना के सम्बन्ध में कोई भी सुझाव, विचार एवं शिकायत हो तो वे निसंकोच किसी भय एवं दवाव के व्यक्त करने हेतु अनुरोध किया।<br>अध्यक्ष महोदय द्वारा भी जन–सुनवाई में उपस्थित सभी लोगों से इस परियोजना के सम्बन्ध में अपने सुझाव, विचार एवं शिकायत बिना किसी भय एवं दवाव के व्यक्त करने हेतू आग्रह किया। | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | श्री सन्दीप सिंह, सदस्य जिला परिषद गंगथ, तहसील इन्दौरा, जिला कांगड़ा। | उन्होंने पूछा कि क्या यहां स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता है या नहीं। क्या यहां पर कशर मालिकों द्वारा लोगों की सहायता की जाती है। | अध्यक्ष महोदय द्वारा परियोजना के परामर्शदाता को इसकी जानकारी देने हेतु कहा गया। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष महोदय ने यह भी स्पष्ट किया कि यह परियोजना अभी शुरु नहीं हुई है और यह प्रश्न इस परियोजना से अलग है उन्होंने इस परियोजना से ही सम्बन्धित विचार रखने हेतु आग्रह किया। |
| | | उन्होंने कहा कि इस परियोजना में स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। | परियोजना के परामर्शदाता द्वारा बताया गया कि इस परियोजना में स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता दी जाएगी। |

इसके अतिरिक्त जन सुनवाई के दौरान लिखित में कोई भी सुझाव, विचार एवं शिकायतें, प्राप्त नहीं हुई है।

इसके उपरान्त अध्यक्ष महोदय द्वारा उपस्थित सभी का धन्यावाद किया और कहा कि सभी द्वारा अपने सुझाव निसंकोच किसी भय एवं दवाव के व्यक्त किए और इस बारे जो भी सुझाव दिए गये है, जिसकी संपूर्ण कार्यवाही को लिखित व वीडियोग्राफी द्वारा भी रिकार्ड किया गया है। जिसे हिमाचल प्रदेश सरकार को भेजा जाएगा और इस पर आगामी निर्णय बन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा लिया जाएगा। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारी गण, जिला परिषद सदस्य एवं नजदीकी गांवों के प्रधान, उपप्रधान व स्थानीय निवासियों का जन सुनवाई में आने के लिए धन्यवाद किया।

अंत में ई0 राहुल शर्मा, सहायक पर्यावरण अभियंता, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, द्वारा पर्यावरण जन सुनवाई में उपस्थित सभी लोगों का जन सुनवाई में भाग लेने का आभार प्रकट किया ।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी
कांगड़ा स्थित धर्मशाला,
जिला कांगड़ा हि0प्र0